प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एनएच–33 पर चांडिल बाईपास सड़क का किया उद्घाटन, कहा – चांडिलवासियों को मिलेगी जाम से मुक्ति, लोगों को मिलेगा लाभ।
2. सावन की तीसरी सोमवारी पर राजधानी रांची समेत राज्य के सभी शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जिला प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंध।
3. रांची पुलिस ने नामकुम ग्रिड डकैती कांड के मास्टरमाइंड दिनेश लोहरा समेत 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार। घटना में प्रयुक्त कटर मशीन समेत अन्य चोरी का सामान बरामद।
4. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए रांची समेत राज्य के आठ जिलों में जारी किया येलो अलर्ट, भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवा की जताई संभावना।

*******************

एनएच–33 के घोड़ानेगी मोड़ से पितकी रेलवे फाटक तक बनी 350 मीटर लंबी चांडिल बाईपास सड़क का कल केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ और ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि चांडिल बाजार में लगने वाले जाम से स्कूली बच्चे और आम लोग परेशान थे, जिसे देखते हुए बाईपास सड़क का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि इससे भारतवाटिका, रेलवे क्रॉसिंग और ट्रैफिक दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

*******************

सावन की तीसरी सोमवारी पर राजधानी रांची स्थित पहाड़ी मंदिर, सुरेश्वर धाम चुटिया समेत विभिन्न शिवालयों में भगवान भोलनाथ की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आचार्य मनोज पांडेय ने आज के दिन भगवान शिव की पूजा और चंद्रशेखर स्तोत्र के पाठ को शुभ बताया। सुरक्षा के मद्देनजर पहाड़ी मंदिर परिसर में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इधर जमशेदपुर स्थित सूर्य मंदिर धाम में सावन की तीसरी सोमवारी पर भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने परिवार संग पदयात्रा की और देश–दुनिया की शांति की कामना की।

*******************

उपराजधानी दुमका स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भी सावन की तीसरी सोमवारी पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कांवरियों ने भागलपुर के बरारी घाट से जल उठाकर रात से ही मंदिर में कतारबद्ध थे। और अहले सुबह बाबा फौजदारीनाथ का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर परिसर और कांवरिया पथ पर प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

*******************

इधर खूंटी के आम्रेश्वरधाम में भी सावन की तीसरी सोमवारी को हजारों कांवरियों की भीड़ उमड़ी, जिन्होंने बनई नदी से जल भरकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर महिला–पुरुषों के लिए अलग कतार और दिव्यांगों हेतु शीघ्रदर्शनम की व्यवस्था की गई है। एसडीओ दीपेश कुमारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सराहनीय रही हैं।

वहीं सिमडेगा जिले में भी हजारों कांवरियों ने ओडिशा के वेदव्यास त्रिवेणी संगम से जल उठाकर 75 किलोमीटर पैदल चलकर सरना मंदिर में जलाभिषेक किया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में गुमला जिले के मत्स्य कृषक ओम प्रकाश साहू द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की विशेष रूप से सराहना की है।

*******************

रांची के नामकुम ग्रिड डकैती कांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने 11 में से 9 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों ने विद्युत सब स्टेशन के कर्मियों और सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर डकैती को अंजाम दिया था। डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने यह कार्रवाई की और बताया कि कांड के मास्टरमाइंड दिनेश लोहरा ने अपने 10 साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ऑटो, कटर मशीन, मोबाइल और चोरी का सामान बरामद किया है। दूसरी ओर, ओरमांझी से भी ग्रिड वायर चोरी के मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं और आरोपियों के पास से एक चार पहिया वाहन जब्त की गई है।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी नित्यानंद पाल को रांची पुलिस ने धनबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नशे की हालत में मंत्री को धमकी दी थी। डीआईजी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

*******************

सरायकेला–खरसावां में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की आयोजित बैठक में सेवा नियमितीकरण और समान वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर आगामी 6 अगस्त को राज्यव्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

*******************

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। निवेशकों के बदले हुए रूख के कारण मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी और प्राइवेट बैंक जैसे क्षेत्रों में सुस्ती देखी गई। बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स 173 अंक की गिरावट के साथ 81 हजार दो सौ 90 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 37 अंक नीचे आकर चौबीस हजार आठ सौ पर कारोबार कर रहा था।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 19 हजार रूपये है।

*******************

राज्य में सक्रिय निम्न दबाव और मानसून टर्फ के कारण अगले 24 घंटों में कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राजधानी रांची समेत पूर्वी सिंहभूम, रांची, बोकारो, गुमला, सरायकेला, सिमडेगा, रामगढ़ और खूंटी जिलों में तेज हवाओं के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। गौरतलब है कि राज्य में इस वर्ष अब तक 727 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 56 प्रतिशत अधिक है।

*******************